हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 30 अप्रैल 2026

06 नाक रगड़कर दंडवत हुए पटवारी, बोले साहब! ...



09 अगर मोदी नहीं होते तो कई लोग इलाज के ...





## खबर संक्षेप

### रेलवे की भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर रेलवे की भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों को हटाया गया एवं मौके पर रेलवे को भूमि सोप गई एसडीएम अमन मिश्रा ने बताया कि कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार कार्रवाई की गई, जिसमें ग्राम रंगोली में व्यक्तियों के द्वारा रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण किया गया था जिसको हटाने की कार्रवाई आज की गई। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार श्री राहुल गौड़ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट भवन के सभा कक्ष में डिप्टी कलेक्टर रजत सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उच्च शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक न्याय, आदिवासी विकास विभाग सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं नागरिक समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहारिक परिवर्तन तथा शैक्षणिक वातावरण को सुरक्षित एवं सकारात्मक बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि निजी शिक्षण संस्थानों एवं कोचिंग सेंटरों के प्रतिनिधियों को समिति से जोड़ा जाएगा तथा संस्थानों में काउंसलर की नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी। विशेषकर कन्या महाविद्यालयों में मासिक रूप से गायनाकोलॉजिस्ट के व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। साथ ही विद्यार्थियों के व्यवहार में आने वाले परिवर्तनों की सतत निगरानी, तनावग्रस्त छात्रों की पहचान एवं अभिभावकों को अवगत कराने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता, योग एवं मेडिटेशन सत्रों का नियमित आयोजन तथा विभिन्न संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर मासिक बैठकों का आयोजन करने पर भी सहमति बनी।

### यादव समाज के सामुदायिक निर्माण हेतु 2.5 करोड़ स्वीकृत किए

**सागर।** पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने खुरई में यादव समाज के भव्य सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 2.5 करोड़ की स्वीकृति दी है। 2.5 करोड़ की लागत से बन रहा यादव समाज का यह सामुदायिक भवन पुराना खुरई के सागर रोड स्थित पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में निर्मित किया जाएगा। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण के लिए क्षेत्रवासियों और समाजजनों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। यादव समाज की ओर से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को स्वीकृत कराने पर पूर्व गृहमंत्री सिंह का आभार व्यक्त किया गया है।

### नवारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रम 2026 का आयोजन सम्पन्न

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के युवक छात्रावास द्वारा "नवारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रम 2026" का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाई. एस. ठाकुर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में मुख्य अनुशासक प्रो. रत्नेश दास, मुख्य वार्डन प्रो. सुशील काशव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. डी. के. नेमा एवं डॉ. विवेक तिवारी, डॉ राजेंद्र यादव, डॉ राकेश सोनी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम के अवसर पर छात्रावास के विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा छात्रावास में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक वातावरण को प्रोत्साहित करना रहा। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**जनगणना महाअभियान 1 मई से, 5000 से अधिक अधिकारी कर्मचारी करेंगे मकान गणना**

# जनगणना के तहत 1 से 30 मई तक घर-घर पहुंचेगी टीम जिलेवासी अधिकारी कर्मचारियों का करें सहयोगः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जनगणना महाअभियान का कार्य 1 मई से 30 मई तक चलेगा जिसमें सागर जिले में 5000 से अधिकारी, कर्मचारी जिलेवासियों के समक्ष पहुंचकर मकान करना सहित 33 प्रकार की जानकारी प्राप्त करेंगे। सभी जिलेवासी अधिकारी, कर्मचारियों का सहयोग कर जनगणना के अंतर्गत मकानगणना में सहयोग करें और महाअभियान को सफल बनाएं। उक्त अपील कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी प्रतिभा पाल ने जिलेवासियों से की है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी प्रतिभा पाल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा आगामी 1 मई से 30 मई 2026 तक मध्यप्रदेश में भी जनगणना का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत शासन द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी घर-घर जाकर नागरिकों से आवश्यक सामान्य जानकारी एकत्र करेंगे। जनगणना का उद्देश्य देश की जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का सटीक आंकलन करना है, जिससे भविष्य की योजनाओं को बेहतर



तरीके से लागू किया जा सके। जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। सही और सटीक जानकारी देकर आप देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं, साथ ही सतर्क रहकर अपनी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें। इस दौरान जिले में 4387 प्रगणक एवं 760 सुपरवाइजर मकानगणना का कार्य करेंगे।

जनगणना के दौरान अधिकारी आपसे केवल सामान्य एवं आधारभूत जानकारी ही प्राप्त करेंगे, जैसे कि आपके मकान/भवन का प्रकार,परिवार में कुल सदस्यों की संख्या परिवार के मुखिया का नाम, नल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन की उपलब्धता शौचालय एवं बाथरूम की स्थिति गैस कनेक्शन की जानकारी रेडियो, टीवी, केबल कनेक्शन जैसी सुविधाएं, साइकिल, मोटरसाइकिल या कार जैसी परिसंपत्तियां, परिवार द्वारा उपभोग किया जाने वाला मुख्य खाद्यान्न, मोबाइल नंबर, इन जानकारियों का उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों और सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए किया जाएगा।

### किन बातों से रहें सावधान

जनगणना के दौरान आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नंबर, बैंक खाता या वित्तीय जानकारी, किसी भी प्रकार का ओटीपी जैसी संवेदनशील जानकारी कभी भी नहीं पूछी जाएगी, इसलिए नागरिक विशेष सतर्कता बरतें। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की जानकारी मांगता है, तो सावधान रहें और तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें।

### सुरक्षा के लिए जरूरी सावधानियां

जानकारी देने से पहले अधिकारी/ कर्मचारी का पहचान पत्र अवश्य जांच लें। केवल अधिकृत सरकारी कर्मियों को ही जानकारी प्रदान करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।




## म.प्र. पूर्व क्षेत्र वि.वि.कं.लि. के प्रबन्ध संचालक द्वारा सागर क्षेत्र के कार्यों की समीक्षा

**सागर।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र वि.वि.कं.लि. के प्रबन्ध संचालक अजय गुप्ता द्वारा मकरोनिया विद्युत परिसर स्थित सभागार में, सागर क्षेत्र के समस्त अधीक्षण अभियन्ताओं व कार्यपालन अभियन्ताओं की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें सागर क्षेत्रान्तर्गत सागर, दमोह, छतरपुर, पन्ना व टीकमगढ़ के (संचा/संधा) वृत्त, (एस.टी.एम-एस.टी.सी.) सम्भाग, प्रवर्तन सम्भाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें देवेन्द्र कुमार मुख्य अभियन्ता (सागर क्षेत्र) के साथ-साथ सागर क्षेत्र के सागर, दमोह, छतरपुर, पन्ना एवं टीकमगढ़ के समस्त अधीक्षण अभियन्ता व कार्यपालन अभियन्तागण उपस्थित थे। बैठक के दौरान प्रबन्ध संचालक अजय गुप्ता द्वारा राजस्व पैरामीटर्स, समाधान योजना की प्रगति, विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत चल रहे लाईन विस्तार कार्य, उपकेन्द्र निर्माण व अन्य कार्यों की प्रगति, विद्युत प्रदाय में आने वाले व्यवधान, फेल ट्रांसफार्मर, स्मार्ट मीटर स्थापना व क्म्युनिकेशन, विद्युत बिल सम्बन्धी शिकायतों के समाधान आदि महत्वूपर्ण बिन्दुओं की बिन्दुवार समीक्षा की गई। प्रबन्ध संचालक द्वारा राजस्व संग्रहण व समाधान योजना की प्रगति धीमी होने पर, निर्धारित लक्ष्यानुसार राजस्व संग्रहण, बिलिंग इफीसियेंशी, कलेक्शन इफीसियेंशी बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देश दिये गये कि जिन सम्भागों में ए.टी.एंड सी. लॉसेस बहुत ज्यादा हैं, उन्हें निर्धारित लक्ष्यानुरूप कम करने हेतु हर सम्भव प्रयास किये जावें, विद्युत लाईनों एवं ट्रांसफार्मरों समय से संधारण कर, विद्युत व्यवधान कम करते हुये, सुचारू विद्युत प्रदाय किया जावे, ट्रांसफार्मर फेल्युअर दर कम की जावे एवं कार्य योजना अन्तर्गत चल रहे विभिन्न कार्यों को, शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# कुलदेवी की पूजा से ही संस्कारों की पूर्णताः पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने नगरपरिषद बांदरी के नेतना वार्ड क्र. 3 में दुबे परिवार,रजवांस द्वारा निर्मित कराए गये कुलदेवी माता बीजासन के नवीन देवी मंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री सिंह ने नेतना एवं इमलिया में बाउंड्री वाल, सीसी रोड, बस स्टैंड प्रतीक्षालय आदि विकास कार्यों की स्वीकृति दी।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि हमारे धर्मशास्त्रों में कुलदेवी की मान्यता का बहुत महत्व है। कुलदेवी की पूजा परिवारों को जीवन पर्यंत अनिवार्य होती है और उनकी आराधना के बिना परिवार में कोई भी संस्कार अपूर्ण ही होता है। दुबे परिवार ने अपनी कुलदेवी माता बीजासेन का अच्छा मंदिर बना कर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम किया है। यह मंदिर नेतना के सभी परिवारों के लिए महत्वपूर्ण स्थल बन गया है जहां कथा, भंडारा, कीर्तन आदि आयोजन होते रहेंगे।

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि यहां आते हुए बांदरी के सांदीपनि विद्यालय के निर्माण कार्य का अवलोकन किया जो कि लगभग 40 करोड़ की लागत से लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि जुलाई माह से इसमें कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि मुझे यह जानकर आश्चर्य और दुख-सुख है कि बांदरी सांदीपनि विद्यालय का परीक्षा परिणाम औसत से कम आया है। इसके कारणों, भ्रष्टाचार और लापरवाही की जांच कराई जाएगी और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत पिठौरिया स्कूल का परिणाम 100 प्रतिशत आया है, सागर जिले में 100 प्रतिशत रिजल्ट लाने वाले विद्यालयों में पिठौरिया विद्यालय भी है। हम प्रयास करेंगे कि बांदरी सांदीपनि विद्यालय का परिणाम भी अगले शिक्षा सत्र से 100 प्रतिशत आये।उन्होंने कहा कि उल्दन बांध परियोजना पूर्णता की ओर है और आगामी जनवरी फरवरी की सिंचाई उल्दन बांध से ही होना शुरू हो जाएगी। इस परियोजना से नल जल योजना को भी पानी मिलेगा जिसके ट्रीटमेंट प्लांट, टंकियां, पाइपलाइन आदि का कार्य तेजी से हुआ है। उन्होंने कहा कि उल्दन बांध परियोजना में बहुत से किसानों को अपनी जमीनों को खोना पड़ा है। हमने प्रयास करके उन्हें अधिक से अधिक मुआवजा दिलाया है। मप्र सरकार ने अब भूमि अधिग्रहण की गणना चार गुना कर दी है जिससे किसानों को लाभ होगा। उन्होंने बताया कि नेतना में 115 एकड़ भूमि में तालाब निर्माण कराया गया जिससे सिंचाई का रकबा बढ़ने से फसलों की मात्रा व गुणवत्ता अच्छी हुई है। इस वर्ष लगभग सौ एकड़ में यहां मूंग की फसल लगाई गई है।

**रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल के माध्यम से कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की भावना को विकसित किया**

# निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम स्टोर शाखा का निरीक्षण कर कबाड़ से जुगाड़ द्वारा बनाई गयीं अद्भुत आकर्षक कलाकृतियों का अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सागर शहर में सुंदरता और स्वच्छता के साथ-साथ प्रेरणादायी वातावरण स्थापित करने के उद्देश्य से निगमायुक्त राजकुमार खत्री के नवाचारी प्रयासों के सुखद परिणाम शहर में आज देखने मिल रहे हैं। निगमायुक्त खत्री के मार्गदर्शन में दक्ष कलाकारों द्वारा पुरानी स्क्रेप सामग्री, लोहा, चददर, टीन, रबर, टायर, प्लास्टिक आदि अनुपयोगी पड़ी कबाड़ सामग्री से लगातार नई-नई कलाकृतियाँ बनाकर सागर में रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल के माध्यम से कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की भावना को विकसित किया जा रहा है। बुधवार को निगमायुक्त ने नगर निगम की स्टोर शाखा के निरीक्षण के दौरान पुराने अनुपयोगी टायरों से निर्मित आधुनिक रचनाओं कलाकृतियों का अवलोकन किया। पुराने टायरों से मिक्कीमऊस, अजगर सांप, स्पोर्ट बाइक, घड़ी, कुआँ, बिल्ली, तीन पहिया वाहन, मछली, बिच्छू, सूर्य आदि मनमोहक कलाकृतियाँ बनाई गयीं हैं इन्हें शहर के विभिन्न स्थलों पर स्थापित कर सुंदरता में चार चाँद लगाने की तैयरी की जा रही है। निगमायुक्त ने कहा की इसका मुख्य उद्देश्य कचरे को कम करने, संसाधनों का सदुपयोग करने और हमारे पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने हेतु आदतों को



विकसित करना है । इस उददेश्य को सत्प्रतिशत पूरा करने के लिए नगारिकों को जागरूक बनाकर पुरानी कबाड़ वस्तुओं के पुनर्चक्रण, पुनरूपयोग और पुनर्ग्रहण की आदत को अनिवार्य बनाना होगा। इससे लैंडफिल में अनुपयोगी कबाड़. अपशिष्ट पहुंचना शून्य होगा, बेबजह अनुपयोगी वस्तुओं को जलाने या पानी में बहाने की अदतों को कम किया जा सकेगा और पर्यावरण संरक्षण में अप्रत्याशित सहयोग मिलेगा। निगमायुक्त के कबाड़ से जुगाड़ पिटारे में से निकलीं कलाकृतियां क्रमशः तीन मढ़िया पर स्थापित स्वच्छता के नायक प्रतिमाएँ, राहतगढ़ ब्रिज किनारे स्थापित विशाल तोप, काली चरण मूर्ति के पास स्थापित मिसाइल, वाणिज्यकर चैराहे किनारे स्थापित विशाल रेडियो लाइव प्रसारण सहित अन्य अद्भुत आकर्षक कलाकृतियां लगातार नागरिकों की प्रेरणा बनी हैं।

निगमायुक्त के नवाचारी प्रयोगों की श्रृंखला में कबाड़ संग्रह वाहन के रूप में एक और नवाचार की तैयारी जोरों पर नगर निगम आयुक्त श्री राजकुमार खत्री अपने नवाचारी प्रयोगों की श्रृंखला में एक और नवाचार जोड़ने जा रहे हैं। बुधवार को निगमायुक्त ने शहर में 3ट को बढ़ावा देने हेतु कबाड़ संग्रह वाहन तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की यह वाहन शहर में डोर टू डोर पहुंचकर लोहा, चददर, प्लास्टिक, कपड़े, डिब्बे आदि पुराने कबाड़ स्थिति की सामग्री का संग्रह करेगा और शहर को गार्वेज फ्री सिटी की दिशा में अग्रणी बनाएगा। सागर शहर के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 बेहद महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धा है। इस बार सागर को प्रथम स्थान पर लाना ही हम सब का मकसद है। यह विचार निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी श्री राजकुमार खत्री ने बुधवार को नगर निगम की स्टोर शाखा का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से कहे। उन्होंने कहा की सागर शहर पहले की अपेक्षा अधिक स्वच्छ सुंदर और व्यवस्थित हुआ है। नागरिकों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता और उत्साह है। हमें हर संभव और अनिवार्य प्रयास करते हुए सागर को अग्रणी बनाना है। स्वच्छ सर्वेक्षण में शहरों की रैंकिंग हेतु सर्वे कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। ऑनलाइन लिंक के माध्यम से नागरिकों का स्वच्छता फीडबैक लिए जा रहे हैं। आगामी समय में कभी भी सर्वे टीमें आ सकती हैं। नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी इस सर्वेक्षण प्रतिस्पर्धा को जीतने में अपना सर्वश्रेष्ठ दें। अपने-अपने कार्यक्षेत्र वार्डों के नागरिकों से सतत सम्पर्क करें और फीडबैक अवश्य करायें। प्रत्येक रहवासी का फीडबैक सागर को नंबर-1 बनाने में महत्वपूर्ण है।

## खुरई में 70 फीट गहरे कुएं में गिरा जंगली सूअर:5 घंटे बाद पिंजरे से सुरक्षित निकाला

**खुरई।** बनहट गांव के पास महमूदपुरा रोड पर स्थित एक खेत में पानी की तलाश में भटक रहा एक जंगली सूअर 70 फीट गहरे खुले कुएं में गिर गया। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से लगभग पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाला। यह घटना भीषण गर्मी के दौरान सामने आई है, जब इंसान और जानवर दोनों पानी की कमी से जूझ रहे हैं। अक्सर जंगली जानवर पानी की तलाश में जंगल के पास के गांवों में स्थित हैंडपंपों और खुले कुओं के आसपास भटकते रहते हैं। ग्रामीणों ने सूअर को कुएं में गिरा देखा और तत्काल वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर सूअर को बाहर निकालने का प्रयास किया। कुएं में नाममात्र का पानी था, जिससे सूअर को निकालने में और भी कठिनाई हुई। कई प्रयासों के बाद भी जब सूअर बाहर नहीं निकल सका, तो पिंजरे का उपयोग करने का निर्णय लिया गया। लगभग पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद, पिंजरे की मदद से सूअर को सुरक्षित बाहर निकाला गया। खुरई वन विभाग के सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी जुग्गीलाल कोरी ने बताया कि सूअर को सुरक्षित निकालकर जंगल में छोड़ दिया गया है।



## खुरई-खिमलासा ओवरब्रिज पर 3 गर्डर चढ़ाए गए बीना-कटनी ट्रैक पर ब्लॉक लेकर हुआ काम

**खुरई।** खिमलासा रेलवे गेट पर बन रहे ओवरब्रिज पर बुधवार को तीन गर्डर सफलतापूर्वक रखे गए। इस कार्य के लिए बीना-कटनी रेलवे ट्रैक पर दो घंटे का ब्लॉक लिया गया था। रेलवे अधिकारियों द्वारा पूर्व में इसका निरीक्षण किया गया था। गर्डर रखने के लिए 700-700 टन क्षमता वाली दो क्रेन मशीनों का उपयोग किया गया। रेलवे लाइन के ऊपर कुल छह गर्डर रखे जाने हैं, जिनमें से 36-36 मीटर लंबे तीन गर्डर अब तक रखे जा चुके हैं। शेष तीन गर्डर गुरुवार को दो घंटे का ब्लॉक लेकर चढ़ाए जाएंगे। इस दौरान भोपाल-बिलासपुर ट्रेन बघोरा स्टेशन पर सवा घंटे से अधिक समय तक खड़ी रही और खुरई स्टेशन पर 1 घंटे 10 मिनट की देरी से पहुंची। इससे यात्रियों को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे गेट बंद होने के कारण वाहन चालकों को भी असुविधा हुई, और कुछ लोग पटरियां पार करते देखे गए। इसी ब्लॉक के दौरान खुरई रेलवे स्टेशन के जर्जर फुट ओवरब्रिज के निर्माण का कार्य भी शुरू किया गया।




## जनसुनवाई में पहुंची गरीब महिला, पटवारी पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

**खुरई।** प्रशासन भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात करता है, लेकिन जमीन से जुड़ी सच्चाई आज भी कुछ और ही बयां कर रही है। ताजा मामला खुरई में सामने आया है, जहां एक गरीब किसान दंपत्ति न्याय की आस में मंगलवार को एसडीएम की जनसुनवाई में पहुंचा। वहां पर उन्होंने तोडाकाछी हल्का के पटवारी पर फौती नामांतरण की रिपोर्ट लगाने के एवज मे 25,000 रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। ग्राम जरवांस की रहने वाली ममता रजक मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचीं। ममता की शिकायत के मुताबिक, उनकी मां भूरांनी के निधन के बाद उन्होंने अपनी पुश्तैनी जमीन के नामांतरण के लिए नायब तहसीलदार न्यायालय में आवेदन दिया था। मामला प्रक्रिया में है, शिकायत मैं कहा गया है कि हल्का पटवारी प्रदीप राय इस काम में रोड़ा अटका रहे हैं। इस मामले मैं वह रिपोर्ट लगाने के बदले सुविधा शुल्क मांग रहे है, पीड़िता का आरोप है कि पटवारी उन्हें महीनों से परेशान कर रहे हैं। कभी कभी झंडा चौक बुलाया जाता है, तो कभी निजी कार्यालय में आने को कहा जाता है, लेकिन रिपोर्ट आज तक नही लगाई गई। वहीं, इस पूरे मामले पर जब हमने एसडीएम मनोज चौरसिया से बात की, तो उन्होंने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। एसडीएम का कहना है कि पटवारी पर लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार हैं। जमीन के मामले में वारिसों की जानकारी सत्यापित करने में समय लगता है और प्रक्रिया के तहत जांच की जा रही है।



## कृषि विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी की टीम ने बंडा उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल एवं उपसंचालक कृषि के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बंडा के मार्गदर्शन में यू एस. अहिरवार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी की टीम ने विकासखंड बंडा के अंतर्गत संचालित सभी चना एवं मसूर उपार्जन केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों पर किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, तौल व्यवस्था, भंडारण व्यवस्था तथा खरीदी प्रक्रिया का जायजा लिया। अहिरवार ने समिति प्रभारियों को शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही उपज खरीदी करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की उपज का पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपार्जन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों के बैठने हेतु छाया की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही उपज की गुणवत्ता परीक्षण, नमी माप, तौल कांटे की शुद्धता एवं रिकॉर्ड संधारण पर विशेष ध्यान देने को कहा।

## समस्याओं के निराकरण को लेकर पटवारी संघ का अनोखा विरोध प्रदर्शन

# नाक रगड़कर दंडवत हुए पटवारी, बोले साहब! अब तो सुन लो हमारी पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में अपनी समस्याओं के समाधान के लिए वर्षों से प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर काट रहे पटवारियों का सब्र आखिरकार जवाब दे ही गया। हालात इतने बिगड़ गए कि पटवारी संघ को अब अपनी बात मनवाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी बल्देवगढ़ तहसीलदार अनिल गुप्ता के सामने नाक रगड़कर दंडवत प्रणाम तक करना पड़ा। गुरुवार को बल्देवगढ़ तहसील कार्यालय में उस समय हैरानी का माहौल बन गया, जब पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रभान समारी ने तहसीलदार अनिल गुप्ता के समक्ष जमीन पर दंडवत होकर नाक रगड़ते हुए न्याय की गुहार लगाई।

यह दृश्य न केवल प्रशासनिक संवेदनहीनता की तस्वीर बयां कर रहा था, बल्कि यह भी दिखा गया कि जिले का राजस्व अमला खुद अपनी समस्याओं को लेकर कितना बेबस हो चुका है। पटवारी संघ का आरोप है कि उनकी लंबित समस्याओं के निराकरण को लेकर कलेक्टर से लेकर तहसीलदार तक कई बार आवेदन देकर निवेदन किए गए, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। हालात यह हैं कि शासन के आदेशों और निर्देशों के बावजूद पटवारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा। पटवारी संघ द्वारा तहसीलदार अनिल गुप्ता को सौंपे गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि 5 फरवरी को जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा जिले के पटवारियों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद 9 फरवरी को कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से आदेश जारी कर जिले के सभी एसडीएम और तहसीलदारों को पटवारियों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश भी भेजे गए थे, लेकिन इसके बाबजूद जमीनी स्तर पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पटवारी संघ जिलाध्यक्ष चंद्रभान समारी ने बताया कि बार-बार निवेदन करने के बाद भी जब समस्याएं नहीं सुनी गईं तो मजबूर होकर यह अनोखा विरोध करना पड़ा। उन्होंने कहा कि हम प्रशासन से लड़ाई नहीं चाहते, लेकिन अपनी पीड़ा सुनाने के लिए अब दंडवत होना पड़ रहा है। अगर अब भी निराकरण नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र होगा। पटवारी संघ के मुताबिक पटवारी लंबे समय से संसाधनों की कमी, कार्यभार, तकनीकी परेशानियों और लंबित प्रशासनिक मामलों को लेकर परेशान हैं। उनका कहना है कि शासन की योजनाओं का पूरा बोझ पटवारियों पर डाल दिया गया है, लेकिन सुविधाओं और समस्याओं के समाधान के मामले में प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है।




इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस राजस्व अमले के भरोसे सरकार गांव-गांव की व्यवस्थाएं संभालती है, वही अमला आज अपनी सुनवाई के लिए दफ्तरों में अधिकारियो के समक्ष दंडवत करने को मजबूर दिखाई दे रहा है। अब देखना होगा कि पटवारियों की यह नाक रगड़कर लगाई गई गुहार प्रशासन की नींद तोड़ पाती है या फिर यह मामला भी प्रशासनिक अनदेखी व उदासीनता के चलते फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## एसपी के हस्तक्षेप के बाद तीन आरोपियों पर गैंगरेप का मामला दर्ज

# थाने से लौटा दी गई गैंगरेप पीड़िता एसपी के दरबार पहुंची तब हुई कायमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के लिधौरा थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म और फिर थाना पुलिस द्वारा समय पर सुनवाई न किए जाने के मामले ने संपूर्ण इलाके को हिलाकर रख दिया है। शादी समारोह से लौट रही नाबालिग के साथ कथित गैंगरेप की घटना ने जहां इलाके को झकझोर दिया, वहीं पीड़िता की शिकायत के बावजूद तत्काल एफआईआर दर्ज न होने से लिधौरा थाना पुलिस की संवेदनशीलता भी कटघरे में आ गई है।

जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल की रात थाना लिधौरा क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान कुछ युवक नाबालिग को बहला-फुसलाकर सुनसान स्थान पर ले गए। आरोप है कि वहां आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद डरी-सहमी पीड़िता किसी तरह अपने परिजनों तक पहुंची और पूरी घटना बताई। परिजनों ने अगले दिन 27 अप्रैल को थाना लिधौरा पहुंचकर लिखित शिकायत दी, लेकिन आरोप है कि थाना प्रभारी ने तत्काल मामला दर्ज करने के बजाय मामले की जांच का हवाला देकर पीड़ित परिवार को वापस लौटा दिया। थाना पुलिस के इस उदासीन व बेरुखी वाले रवैये से परिजन मायूस हो गए। जब स्थानीय थाना स्तर पर सुनवाई नहीं हुई तो पीड़ित परिवार 28 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और एसपी मनोहर सिंह मंडलोई के समक्ष न्याय की गुहार लगाई। बताया जा रहा है कि एसपी मंडलोई ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस महकमे में हलचल मच गई और पीड़िता को महिला थाना भेजा गया। इसके बाद की कार्रवाई के लिए पीड़िता को पुनः लिधौरा थाना ले जाया गया, जहां पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि यदि पीड़ित परिवार एसपी कार्यालय नहीं पहुंचता तो क्या लिधौरा थाना पुलिस द्वारा मामला यूं ही दबा दिया जाता?

### सवाल उठने पर बोले जतारा एसडीओपी, मांगेंगे स्पष्टीकरण

जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि तीन आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में आरोपी भी नाबालिग बताए जा रहे हैं, जिनकी उम्र और भूमिका की जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि लिधौरा थाना स्तर पर एफआईआर दर्ज करने में देरी हुई है। जिसमें लिधौरा थाना प्रभारी से इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा जाएगा कि आखिर गंभीर आरोपों के बावजूद तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं की गई। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश और पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी है।

### लाठी-डंडों से हमला, चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**ललितपुर।** तालबेहट थाना क्षेत्र के ग्राम धमना में एक महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम धमना निवासी मीना वंशकार पत्नी जितेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 अप्रैल 2026 की रात करीब 10 बजे वह अपने खेत पर बने घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान गांव के ही आशु अहिरवार, इंद्रपाल अहिरवार, प्रदीप अहिरवार और निक्की अहिरवार बिना किसी कारण उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसे, उसके पति जितेंद्र कुमार और उनकी सास मलिदा वंशकार को चोटें आईं। इतना ही नहीं, आरोपियों ने अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों के डर के कारण वह समय पर थाने में शिकायत नहीं कर सकी।

पत्नी ने पिता, भाई और भाभियों पर लगाया अपहरण का आरोप

# नीम से बांधकर की पिटाई, फिर रहस्यमय ढंग से गायब हुआ युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के कुड़िला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बार से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवक को कथित रूप से घर के सामने नीम के पेड़ से बांधकर बेरहमी से पीटने और बाद में रहस्यमय परिस्थितियों में गायब कर देने का आरोप उसके ही परिजनों पर लगा है। पीड़ित की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर पति की जान को खतरा बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।



पुलिस को दिए आवेदन में महिला भांती चढ़ार ने बताया कि वह मजदूरी करने के लिए दिल्ली में थी। इसी दौरान उसकी जेठानी बिट्टी चढ़ार ने सूचना दी कि उसका पति मिथीलाल सुबह से घर नहीं लौटा है। इस पर वह गांव पहुंची और पति की तलाश शुरू की। लेकिन जब पति का कोई सुराग नहीं मिला तो थाना कुड़िला में गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, इसके बाद गांव के लालले यादव, धंसू रैकवार और मुकेश चढ़ार ने महिला भांती चढ़ार को जानकारी दी कि शनिवार रात करीब 12 बजे मिथीलाल को उसके पिता रामजी चढ़ार, भाई भागीरथ चढ़ार, भगवानदास चढ़ार तथा भाभियां ममता और लक्की चढ़ार ने घर के सामने नीम के पेड़ से बांधकर मारपीट की थी। मिथीलाल के दोनों हाथ बांध दिए गए थे और उसके साथ बेरहमी से मारपीट की जा रही थी। शोर सुनकर गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंचे और उसे छुड़ाया। बताया गया कि भयभीत मिथीलाल मौके से भागकर खेत और कुएं की ओर चला गया, जिसके पीछे-पीछे आरोपी भी दौड़े। इसके बाद से मिथीलाल का कोई पता नहीं चल सका। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि घटना की जानकारी पुलिस को दिए जाने के बावजूद थाना कुड़िला द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

# हर बारिश में डूबती थी सुभाषपुरम, अब मिलेगी निजात

**50 लाख की लागत से बनाया जा रहा अंडरग्राउंड नाला, एक साल बाद शुरू हुआ काम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर के वार्ड क्रमांक 18 स्थित सुभाषपुरम कॉलोनी में हर साल बरसात के दौरान होने वाले जलभराव से परेशान रहवासियों को आखिरकार राहत मिलने की उम्मीद जगी है। लंबे इंतजार और लगातार शिकायतों के बाद अब कॉलोनी में अंडरग्राउंड नाले का निर्माण कार्य नगर पालिका द्वारा प्रारंभ करा दिया गया है। बुधवार को निर्माण के लिए बड़े पाइप मौके पर पहुंचाए गए, जबकि इससे पहले सीसी रोड की खुदाई का काम भी शुरू हो चुका है।




सुभाषपुरम कॉलोनी वर्षों से जलनिकासी की बदहाल व्यवस्था का दंश झेल रही थी। बारिश के दौरान पुलिस लाइन क्षेत्र से आने वाला पानी कॉलोनी की सड़कों और घरों के आसपास भर जाता था। हालात इतने खराब हो जाते थे कि मुख्य सड़क तक तालाब जैसी नजर आने लगती थी और लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता था। कई बार दोपहिया वाहन फिसलने और बच्चों-बुजुर्गों के गिरने जैसी घटनाएं भी सामने आईं। स्थानीय रहवासियों ने इस समस्या को लेकर नगर पालिका से लेकर जनप्रतिनिधियों तक कई बार शिकायतें की थीं। लगातार बढ़ते दबाव के बाद करीब एक वर्ष पहले अंडरग्राउंड नाले के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया था, लेकिन उसके बाद काम शुरू नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही थी। अब नगर पालिका द्वारा निर्माण कार्य शुरू किए जाने पर लोगों ने राहत की सांस ली है। नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि जलभराव की स्थायी समस्या को खत्म करने के उद्देश्य से करीब 50 लाख रुपए की लागत से अंडरग्राउंड नाले का निर्माण कराया जा रहा है। इसके तहत भूमिगत पाइपलाइन बिछाकर पानी की निकासी की जाएगी, जिससे बारिश के दौरान कॉलोनी में पानी जमा नहीं होगा।

सीएमओ भदौरिया ने बताया कि फिलहाल सड़क की खुदाई कर पाइपलाइन डालने का काम किया जा रहा है। पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य भी कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बारिश शुरू होने से पहले पूरा काम हर हाल में खत्म किया जाए, ताकि इस वर्ष लोगों को जलभराव की परेशानी का सामना न करना पड़े। हालांकि निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही फिलहाल कॉलोनी की सड़कें खुद जाने से लोगों को थोड़ी असुविधा जरूर हो रही है, लेकिन रहवासियों का कहना है कि यदि इससे वर्षों पुरानी समस्या खत्म होती है तो यह परेशानी स्वीकार है। स्थानीय नागरिकों को उम्मीद है कि नगर पालिका इस बार केवल निर्माण शुरू करने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि तय समय में गुणवत्ता के साथ काम पूरा कराएगी, ताकि हर बारिश में जलभराव और कीचड़ से जूझने वाली सुभाषपुरम कॉलोनी को स्थायी राहत मिल सके।


# सीसीटीएनएस रैंकिंग में टीकमगढ़ पुलिस ने प्रदेश में द्वितीय स्थान किया प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

लगातार तकनीक आधारित पुलिसिंग और सख्त मॉनिटरिंग के दम पर टीकमगढ़ पुलिस ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अप्रैल माह में जारी सीसीटीएनएस रैंकिंग में टीकमगढ़ पुलिस ने पूरे मध्यप्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के बाद पुलिस महकमे में उत्साह का माहौल देखने को मिला। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के पुलिस अधिकारियों और सीसीटीएनएस टीम के साथ इस सफलता का सेलिब्रेशन किया। इस दौरान एसपी मंडलोई ने पूरी टीम को बधाई देते हुए उनके समर्पण, अनुशासन और तकनीकी दक्षता की सराहना की।

एसपी मंडलोई ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दूसरा स्थान उपलब्धि जरूर है, लेकिन अब अगला लक्ष्य प्रदेश में नंबर-1 पर पहुंचना होना चाहिए। बताया गया कि एसपी मंडलोई के नेतृत्व में जिले में लगातार समीक्षा बैठकें, प्रभावी मॉनिटरिंग और तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। पुलिस कार्यप्रणाली को आधुनिक और पारदर्शी बनाने के लिए सीसीटीएनएस सिस्टम की नियमित निगरानी की जा रही है। इसमें सामने आने वाली कमियों को चिन्हित कर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाते हैं। जिले में अनुसंधान कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से ई-विवेचना प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन प्रशिक्षणों के माध्यम से विवेचकों को डिजिटल जांच प्रणाली, रिकॉर्ड प्रबंधन और तकनीकी साक्ष्यों के उपयोग की जानकारी दी जा रही है। इसका सीधा असर प्रकरणों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण में देखने को मिल रहा है। एसपी मंडलोई ने कहा कि यह सफलता किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में और अधिक मेहनत, जवाबदेही और तकनीकी दक्षता के साथ काम करते हुए टीकमगढ़ पुलिस को प्रदेश में प्रथम स्थान तक पहुंचाना है। पुलिस विभाग की इस उपलब्धि को जिले में सकारात्मक पुलिसिंग और आधुनिक कार्यशैली की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। अब पुलिस महकमे की नजर प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल करने पर टिकी हुई है।

**तकनीकी दक्षता व ई-विवेचना मॉडल बना**



### घर के पास बंधी 4 भैंसें चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के रावतयाना बंध इलाके में चोरों द्वारा चार भैंसें चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़िता ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। रावतयाना बंध निवासी गुड्डी पत्नी जगत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 अप्रैल की रात 2.30 से 3 बजे के बीच वह अपने घर पर सो रही थी। कुछ दूरी पर रामलीला मैदान के पास बंधी उसकी चार भैंसों को अज्ञात चोर खोलकर ले गए। सुबह जानकारी होने पर काफी खोजबीन की गई, लेकिन भैंसों का कोई सुराग नहीं लग सका।

### दिल्ली व चित्रकूट से 3 नाबालिग बालिकाओं को सकुशल खोजा

**एसपी की मॉनिटरिंग में मुस्कान अभियान तहत 45 से ज्यादा बच्चे परिवारों से मिलाए**

**टीकमगढ़।** संवेदनशील पुलिसिंग और त्वरित कार्रवाई का एक और उदाहरण पेश करते हुए पुलिस ने मुस्कान अभियान के तहत तीन गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं को अलग-अलग स्थानों से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों से मिला दिया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद तीन परिवारों के चेहरे फिर मुस्कुराहट से खिल उठे।

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित मुस्कान अभियान के अंतर्गत जिले में गुमशुदा बच्चों की तलाश और उनकी सुरक्षित वापसी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन और लगातार मॉनिटरिंग के चलते जिले की पुलिस टीम तकनीकी संसाधनों और साइबर सेल की मदद से लगातार सफलता हासिल कर रही है। थाना कुड़ीला में दर्ज मामले के तहत गुमशुदा नाबालिग बालिका को पुलिस टीम ने उत्तरप्रदेश के राजापुर क्षेत्र से सकुशल खोज लिया। पुलिस ने मुखबिर तंत्र और साइबर सेल की मदद से बालिका का पता लगाया और सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थाना बल्देवगढ़ में दर्ज मामले के तहत गुमशुदा एक अन्य नाबालिग बालिका को पुलिस टीम ने दिल्ली से खोज निकाला। पुलिस ने तकनीकी इनपुट और साइबर सेल की सहायता से बालिका तक पहुंच बनाई और उसे सुरक्षित वापस लाकर परिजनों को सौंप दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक चंदन शाक्य, उप निरीक्षक जेएन भगत, प्रधान आरक्षक तरवेज़ खान, आरक्षक अशफाक खान, नीरज पाल और महिला आरक्षक रूबी भास्कर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। थाना जतारा में दर्ज मामले के तहत गुमशुदा बालिका को भी पुलिस टीम ने दिल्ली से सकुशल बरामद किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक एनएस ठाकुर, प्रधान आरक्षक अमरचंद्र, आरक्षक शिवदयाल और महिला आरक्षक सोनम यादव की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने बताया कि नाबालिगों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है और इसके लिए संवेदनशीलता तथा त्वरित कार्रवाई के साथ काम किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक वर्ष 2026 में अब तक जिले की पुलिस टीम विभिन्न राज्यों और शहरों से 45 से अधिक गुमशुदा नाबालिग बच्चों को सुरक्षित खोजकर उनके परिवारों से मिला चुकी है।




## सेल सागर पर अवैध कब्जों के खिलाफ नपा की कार्रवाई, 100 से ज्यादा लोगों से मांगे दस्तावेज

# टॉर्च की रोशनी में चला तालाब बचाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर के ऐतिहासिक सेल सागर तालाब पर वर्षों से हो रहे अवैध कब्जों के खिलाफ आखिरकार प्रशासनिक कार्रवाई शुरू हो गई है। मंगलवार देर रात नगर पालिका की टीम ने तालाब क्षेत्र में पहुंचकर 100 से अधिक लोगों को नोटिस थमाए और 24 घंटे के भीतर निर्माण संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। लेकिन यह कार्रवाई जितनी बड़ी मानी जा रही है, उससे कहीं ज्यादा इसकी टाइमिंग और तरीके को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा रात के अंधेरे में मोबाइल टॉर्च की रोशनी के सहारे नोटिस तामील करने की तस्वीरें और चर्चाएं पूरे शहर में चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

### शिकायतों के बाद प्रशासन आया हरकत में

शहर के बीचोंबीच स्थित ऐतिहासिक सेल सागर तालाब राजशाही दौर की धरोहर माना जाता है। वर्षों से तालाब की जमीन पर धीरे-धीरे कब्जे बढ़ते गए और हालात यह हो गए कि कई लोगों ने तालाब की सीमा के भीतर ही मकान और पक्के निर्माण खड़े कर लिए। लगातार शिकायतों और जनदबाव के बाद प्रशासन हरकत में आया। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने तहसीलदार और नगर पालिका को तालाब का सीमांकन कराने के निर्देश दिए थे। करीब एक माह पहले तहसीलदार सतेंद्र सिंह गुर्जर की मौजूदगी में सीमांकन की कार्रवाई कराई गई थी। सीमांकन रिपोर्ट में 170 से अधिक स्थानों पर अतिक्रमण पाए जाने की जानकारी सामने आई, जिसकी रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी गई थी। अब उसी रिपोर्ट के आधार पर नगर पालिका ने कार्रवाई की शुरुआत करते हुए नोटिस जारी करना शुरू किया है।

मंगलवार देर रात नगर पालिका कर्मचारी सेल सागर क्षेत्र में पहुंचे और चिन्हित कब्जाधारियों को नोटिस दिए। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि कब्जाधारियों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच की जाएगी और उसके बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य तालाब की जमीन को संरक्षित करना है। हालांकि देर रात हुई कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कार्रवाई वैधानिक और पारदर्शी है तो इसे दिन के उजाले में भी किया जा सकता था। रात में टॉर्च के सहारे नोटिस बांटने से लोगों में असमंजस और भय का माहौल बना।

### शायद इसीलिए नपाध्यक्ष नहीं बना कोई जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक ढाल का इस्तेमाल

सेल सागर तालाब क्षेत्र में देर रात की गई नोटिस तामील कार्यवाही को कॉलोनीवासियों ने नपाध्यक्ष पद को लेकर घटे नाटकीय घटनाक्रम से जोड़ते हुये कई तरह की आशंकाएं जताई हैं। रहवासियों का कहना है कि नगर पालिका में इस समय कोई निर्वाचित नपाध्यक्ष नहीं है। पूर्व नपाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मलिक को भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों के चलते हटाया जा चुका है और अन्य किसी जनप्रतिनिधि को नपाध्यक्ष बनाने के बजाये फिलहाल नगर पालिका की कमान प्रशासनिक अधिकारी के हाथों में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सेल सागर तालाब का मामला राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील माना जाता है, क्योंकि यहां बड़ी संख्या में लोगों के मकान बने हुए हैं और यह मुद्दा सीधे वोट बैंक से जुड़ा हुआ है। ऐसे में अब प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से रात में नोटिस कार्रवाई कराए जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि नपाध्यक्ष पद पर प्रशासन को बैठने की यह पूरी कवायद कही जनप्रतिनिधियों को सीधे विरोध और राजनीतिक नुकसान से बचाने के लिए तो नहीं की गई। रहवासियों का कहना है कि फिलहाल शहर में यह कार्रवाई चर्चा का केंद्र बनी हुई है और अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि दस्तावेज जांच के बाद प्रशासन वास्तव में बुलडोजर चलाएगा या फिर नोटिसों की यह कार्रवाई भी केवल कागजी प्रक्रिया बनकर रह जाएगी।



### मंत्री दर्जा प्राप्त करने के बाद पहली बार विधानसभा अध्यक्ष के साथ विजयपुर पहुंचे रामनिवास रावत का ऐतिहासिक स्वागत

# अगर मोदी नहीं होते तो कई लोग इलाज के अभाव में मर जाते: तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के 5 करोड़ लोग निशुल्क इलाज प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना के तहत सरकार ने एक व्यक्ति को 5 लाख रुपए तक के इलाज की गारंटी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में यह सोच अभिनव पहल है। कभी-कभी तो मैं यह विचार करता हूं कि अगर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं होते तो कितने लोग इलाज के अभाव में मर गए होते, कितनों के खेत इलाज़ के लिए गिरवी रखे जा चुके होते। कितनी महिलाओं के जेवर अपने पति बेटे के इलाज़ कराने के लिए बिक गए होते। यह बात विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने बुधवार को विजयपुर में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में संबोधन देते हुए कहीं। इस दौरान जहां स्थानीय सांसद शिव मंगल सिंह तोमर ने विधानसभा अध्यक्ष तोमर को विकास पुरुष बताया वही रामनिवास रावत ने पार्टी में छुपे गद्दारों से सचेत रहने का आह्वान कार्यकर्ताओं से करते हुए सभी को चौंका दिया।




#### विरोधियों पर जमकर बरसे रावत

हमेशा सहज सरल स्वभाव के लिए पहचाने जाने वाले मध्य प्रदेश वन विकास निगम अध्यक्ष रामनिवास रावत (कैबिनेट मंत्री दर्जा) का बुधवार के दिन विजयपुर के कार्यकर्ताओं को अलग रूप देखने को मिला। उन्होंने जहां भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस पार्टी को भगवान राम के मंदिर बनने से नफरत हो, जिसे कुंभ स्नान से परेशानी हो जो राष्ट्रवाद से घृणा करती हो ऐसी पार्टी में मेरा दम घुटता था इसलिए मैं वहां पद ओर सम्मान छोड़कर आया हूं मुझे पद ओर सम्मान की लालसा कभी नहीं रही। में उस पार्टी में आया जिस पार्टी का हर काम भगवान श्री राम के जयकारे से शुरू होता हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठित रहने का आव्हान करते हुए कहा कि मैंने अपने उप चुनाव में उन नेताओं पर विश्वास किया जो पार्टी में रहकर पार्टी के बूते लाभ हासिल तो करते हैं लेकिन समय आने पर पार्टी के खिलाफ काम करते हैं ऐसे नेताओं पर विश्वास करने के कारण में मुझे चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा अगर मैं उन पर विश्वास करने के बजाय सीधे जनता से संवाद करता तो आसानी से चुनाव जीत सकता था पर भूल से ही आदमी को सुधार करने का मौका मिलता है। में तो अब ऐसे पार्टी विरोधी लोगों से दूरी बनाऊंगा ही आप भी उनसे दूरी बनाए रखें जो पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ बातें करें, चुप नहीं रहें उन्हें करारा जवाब दें।

#### सिविल हॉस्पिटल में कर्मचारी करते रहे इंतजार

विजयपुर में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का जो कार्यक्रम बनाया गया था उसमें सिविल हॉस्पिटल (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन) का भ्रमण भी करना शामिल था हालांकि इस कार्यक्रम को बाद में किन कारणों से हटा दिया गया पता नहीं चला लेकिन सिविल अस्पताल के कर्मचारी विधानसभा अध्यक्ष के भ्रमण के इंतजार में अस्पताल की व्यवस्थाओं को चाक चौबंद कर स्वागत सत्कार में खड़े रहे। जो बेड एक दिन पहले तक चरमरा रहे थे उन्हें ठीक कर दिया गया अथवा नए बेड मांगा दिए गए नई चादर मंगा कर व्यवस्था अपडेट कर दी गई गुब्बारे लगाकर रंगोली सजाकर अस्पताल परिसर को सजा दिया गया लेकिन विधानसभा अध्यक्ष और दूसरे अतिथि वहां पहुंचे नहीं अलबत्ता वहां भर्ती मरीजों के अटेंडर यह जरूर बोलते देखे गए कि भले ही विधानसभा अध्यक्ष यहां नहीं आए लेकिन महीने में एक दो बार आने की सूचना जरूर देते रहे ताकि व्यवस्था चाक चौबंद बनी रहे।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि कार्यकर्ता यह एकजुट होकर पार्टी के काम में जुटे रहे आपके मान सम्मान में कोई कमी नहीं आएगी यह गारंटी मेरे साथ आपसे आपके अपने रामनिवास रावत लेते हैं। उन्होंने कहा कि एक समय वह था जब कोई नेता किसी ऐसे व्यक्ति के घर चला जाता था जहां पर कोई गंभीर बीमार हो या फिर किसी की मौत हो गई हो तो वहां नेता से आर्थिक सहायता के लिए सबसे पहले मांग की जाती थी लेकिन शासन के द्वारा ऐसी कोई आर्थिक सहायता देने की योजना नहीं थी जिसकारण नेता बहाना बनाकर निकल आते थे लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीमारी और मौत सहित सभी की चिंता की है जहां इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपए तक की गारंटी दी जा रही है वहीं मौत होने पर अंत्येष्टि राशि तत्काल 10 हजार रुपए और अनुग्रह राशि के रूप में 5 लाख रुपए तक की सहायता संबंधित के वारिस को दी जा रही है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई, सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष तुरसन पाल आदिवासी आदि ने भी संबोधन दिए।

### श्योपुर कोर्ट ने सुनाया फैसला,10 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया

# वन्यप्राणी गोह को कुचलने वाले ट्रक ड्राइवर को 3 साल का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर के सीजेएम न्यायालय ने वन्य प्राणी गोह को ट्रक के पहियों के नीचे कुचलने वाले ट्रक के ड्राइवर को 3 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए 10 हजार रूपए का अर्थदंड भी रोपित कर दिया है। करीब साढे तीन साल पुराना यह मामला श्योपुर शिवपुरी हाइवे पर कलमी गांव के पास का है।

वन विभाग की ओर से इस मामले में पैरवी करने वाली एडीपीओ नैनसी गोयल ने बताया कि यह घटनाक्रम 9 सितंबर 2022 को तब घटित हुआ,जब श्योपुर शिवपुरी हाइवे से गुजर रहे एक ट्रक ने कलमी गांव के पास वन्य प्राणी गोह को ट्रक के पहियों के नीचे कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। इस दौरान मौके पर मौजूद वनकर्मियों ने ट्रक और उसके चालक को पकड लिया और प्रकरण पंजीबद्ध करके कर चालान श्योपुर के सीजेएम न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने इस मामले में विचारण के दौरान ट्रक ड्राइवर रामचंद्र पुत्र त्रिलोक बराला को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा में दोषी मानते हुए 3 साल के कठोर कारावास की सजा सुना दी। इसके साथ ही 10 हजार रूपए का अर्थदंड भी रोपित कर दिया है।



### पति के साथ बाइक पर बैठकर भाई के यहां आयोजित कार्यक्रम में आ रही थी महिला

# बाइक से गिर कर घायल हुई महिला की जिला अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र में बुधवार को बाइक से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। महिला पति के साथ बाइक पर बैठकर जा रही थी। तभी स्पीड ब्रेकर पर महिला बाइक से उचककर नीचे गिर गई। जिसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया,जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक ग्राम प्रेमसर निवासी महिला संतोष राठौर (40) बुधवार को अपने पति गिर्राज राठौर के साथ बाइक से सोंठवा गांव में अपने भाई के यहां आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं। इसी दौरान आसीदा और कंवरसली गाँव के बीच रास्ते में अचानक आए स्पीड ब्रेकर पर बाइक चढ़ी तो महिला संतोष राठौर असंतुलित होकर उछल गईं और सड़क पर गिर पड़ीं। गिरने से उसे गंभीर चोटें आईं और बेहोश हो गई। घटना के बाद घबराए परिजन और राहगीरों की मदद से उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की गई। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।




# 551 कलशों के साथ निकलेगी कलश यात्रा जगदीश्वर धाम मंदिर पर शुरू होगी भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर


गसवानी क्षेत्र के ग्राम हीरापुरा स्थित जगदीश्वर धाम मंदिर पर पंचम वार्षिक महोत्सव के तहत 1 मई को श्रीमद भागवत कथा का आयोजन शुरू होगा। इसके पूर्व 551 कलशो के साथ भव्य कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। गाजेबाजे के साथ यह कलश यात्रा कीजरी धाम से शुरू होगी, जो विभिन्न मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल जगदीश्वर धाम हीरापुरा में पहुंचेगी। मुख्य यजमान लवकुश यादव फौजी ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा का वाचन अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पूनम शास्त्री के द्वारा किया जाएगा। की जाएगी। भागवत कथा का समापन 8 मई को पूर्णाहुति और भंडारे के साथ किया जाएगा।

# कलेक्टर के निर्देश की पालना के साथ विद्यार्थियों के भविष्य की भी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इन दिनों पढ़ रही भीषण गर्मी से स्कूली बच्चों को बचाने के उद्देश्य से कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन ने कक्षा एक से आठवीं तक के जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों का 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित कर दिया है। डीईओ के इस आदेश की पालना में जहां स्कूल शिक्षा विभाग (राज्य शिक्षा सरकार उपक्रम) से संबंधित सभी सरकारी ओर निजी स्कूलों में विद्यार्थियों का स्कूल में प्रवेश ही निषेध कर दिया गया है वहीं मानव संसाधन विकास विभाग (केंद्र सरकार उपक्रम) के केंद्रीय विद्यालय जैसे स्कूल अवकाश के साथ-साथ विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसकी चिंता भी कर रहे हैं और विद्यार्थियों को ऑनलाइन क्लास दे रहे हैं।

इन दिनों गर्मी का पारा अचानक बढ़कर 42 डिग्री को पार करने लगा है जिससे घर से बाहर निकलने में भी हीट स्ट्रोक जैसी समस्या का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। लू लपट के कारण बीमार हुए लोगों की संख्या अस्पताल में बढ़ गई है। बच्चों को इस भीषण गर्मी से बचाने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग ने जिले के कक्षा एक से आठवीं तक के सभी स्कूलों में 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित कर दिया है। एक मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश लग जाएगा जिससे बच्चों को करीब दो माह तक भीषण गर्मी के दौरान स्कूल में आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कलेक्टर के इस फैसले की अभिभावक खूब प्रशंसा भी कर रहे हैं। उधर केंद्र सरकार द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय और पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में इस अवकाश के पालन के साथ-सा पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इन स्कूलों में अवकाश तो की पालना की जा रही है लेकिन पढ़ाई प्रभावित न हो इसके प्रबंधन किए गए हैं। जहां नवोदय विद्यालय रेजिडेंशियल होने से समय परिवर्तन कर पढ़ाई कराई जा रही है वहीं पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में ऑनलाइन क्लास ली जा रही है। संबंधित शिक्षक सुबह 8 बजे से ही मोबाइल के माध्यम से विद्यार्थियों की पढ़ाई घर पर ही रखकर करा रहे हैं। इस संबंध में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य पवन मीणा का कहना है कि भीषण गर्मी को देखते हुए कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों का अवकाश घोषित कर दिया है। इस दौरान उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो इसलिए संबंधित शिक्षक पीरियड वाइस उन्हें मोबाइल के माध्यम से अध्यापन कर रहे हैं यह व्यवस्था स्वैच्छिक है।



# सोंई में ट्रैक्टर निकालने की बात पर विवाद, पांच घायल

श्योपुर। देहात थाना क्षेत्र के सोंईकलां कस्बे में मंगलवार को ट्रैक्टर निकालने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनो पक्ष के लोगो के बीच आपस में लाठी डंडे चल गए। विवाद के दौरान दोनो तरफ से पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि इस विवाद में एक पक्ष की ओर से राकेश मीणा,उसकी पत्नी मनभर बाई तथा भाई पूरण मीणा घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष की तरफ से जितेन्द्र मीणा और पवन मीणा घायल हो गए। दोनो पक्ष के घायल लोगो को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में एक पक्ष के फरियादी राकेश मीणा पुत्र बजरंगलाल मीणा की रिपोर्ट पर विजेन्द्र मीणा, जितेन्द्र उर्फ काडू मीणा के खिलाफ तथा दूसरे पक्ष के फरियादी जितेन्द्र पुत्र मंशाराम मीणा की रिपोर्ट पर राकेश मीणा के खिलाफ मारपीट की धाराओ के तहत क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

## जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ के सचिव बने बृजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कांग्रेस नेता बृजेश योगी (सेवापुर ) को कांग्रेस जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ का सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश और प्रभारी महासचिव डा संजय कामले की सहमति और प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक सिंह तोमर के अनुमोदन उपरांत प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ महेन्द्र सिंह चौहान के द्वारा की गई है। उनकी इस नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ सहित उनके शुभ चिंतको ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।



# आरोप:दूषित पानी पिला रही है वार्ड वासियों को नगर पालिका, पार्षद मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

लोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी मुहैया कराने का दावा करने वाली नगर पालिका परिषद की पोल वार्ड क्रमांक 16 में खुल गई है। यहां जगह जगह हो रहे लीकेज लोगों को दूषित पानी पीने को मजबूर कर रहे हैं। वार्ड में रहने वाले समाजसेवी एवं डिफीटेड पार्षद इमरान अंसारी ने इस मामले में नगर पालिका सहित स्थानीय पार्षद को आधे हाथों लेते हुए उन्हें जनता के प्रति लापरवाह बताया है। समाजसेवी इमरान अंसारी ने सोशल मीडिया पर वार्ड नं 16 से जुड़े कुछ लीकेज डालकर नगरपालिका सहित स्थानीय पार्षद पर अपनी भड़ास जमकर निकाली। इमरान का आरोप है कि वार्ड में इन दिनों दूषित पानी सप्लाई हो रहा है। अधिकतर वाल चेंबर लीकेज होने के कारण गंदे पानी से भर जाते हैं और जब सप्लाई बंद हो जाती है तब यही गड्ढों में भरा गंदा पानी पाईप लाईन में भर जाता है जो पुनः होने वाली पेयजल आपूर्ति के साथ सप्लाई हो जाता है। इस दूषित पानी पीने से वार्ड वासी गंभीर संक्रमित बीमारियों से जूझ रहे हैं। उनका आरोप है कि इस संबंध में जब नपा इंजीनियर से बात की जाती है तो वह सिर्फ टाल मटोल बाते करते हैं। नपा की खराब हो चुकी आर्थिक हालत को देखते हुए कोई ठेकेदार भी काम करने को तैयार नहीं है। 15 दिन से घरो में पीने का पानी सप्लाई नहीं हुआ है। इंजीनियर पवन गर्ग फोन नहीं उठा रहे हे कुल मिलाकर नगरपालिका में पेयजल आपूर्ति भगवान भरोसे चल रही है। उन्होंने कहा कि अगर वार्ड में पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं हुई और लोगों को दूषित पानी पिलाना बंद नहीं किया गया तो वह नगर पालिका के खिलाफ अनशन पर बैठ जाएंगे। इस संबंध में नपा सीएमओ आरआर यादव का कहना है कि वासियों के माध्यम से शिकायत मिली थी मैंने टीम भेज कर लीकेज चेक करा लिए हैं। कहीं भी लीकेज नहीं है। कुछ सड़कों मे गड्ढे बन गए हैं उन सड़कों के टेंडर निकाले जाकर दोबारा बनाने का काम किया जा रहा है। लोगों को पीने का पानी शुद्ध और सुचारू रूप से मिल रहा है। आरोप निराधार हैं।



### चार पुलिया निर्माण के लिए करीब पौने तीन करोड़ रुपए की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

# श्योपुर बारां हाइवे पर बनेगी चार नई पुलिया कम होगा बडौदा कस्बे में बाढ़ का कहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर-बडौदा-बारां स्टेट हाईवे पर मौजूद चार पुरानी पुलिया अब नए सिरे से बनाई जाएगी। इसके लिए शासन की ओर से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इन चारो पुलियाओ के निर्माण पर करीब पौने तीन करोड रुपए की राशि खर्च होगी। पुलियाओं का निर्माण एमपीआरडीसी करेगा। यही वजह है कि पुलियाओं के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी होने के बाद एमपीआरडीसी द्वारा चारो पुलियाओ का निर्माण कराए जाने के लिए टेंडर संबंधी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

खास बात यह है कि इन चारो पुलियाओ के बनने के बाद जहां श्योपुर बारां स्टेट हाइवे पर यातायात सुगम होगा,वहीं बडौदा कस्बे में बारिश के दौरान निर्मित होने वाले बाढ के कहर से थोडी राहत भी मिलेगी। जिससे बडौदावासियों की परेशानियां काफी हद तक कम हो जाएगी। इसलिए बडौदा कस्बे के लोग इन पुलियाओ के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर खुशी व्यक्त कर रहे है। यहां बता दें कि श्योपुर-बारां स्टेट हाईवे पर मप्र की सीमा में श्योपुर से बडौदा होते हुए कुहांजापुर पार्वती नदी तक करीब 13 साल पहले एमपीआरडीसी के द्वारा टू लेन सडक का निर्माण करा दिया गया। बडौदा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि एमपीआरडीसी द्वारा हाइवे का निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन बडौदा कस्बे में मौजूद तीन पुलिया और राजपुरा के पास मौजूद नहर की पुलिया को नई बनाने की जगह हाईवे को इन पुलियाओ से होकर ही गुजार दिया।



#### रंग लाई प्रतिनिधि मंडल की पीडब्ल्यूडी मंत्री से मुलाकात

बता दें कि बडौदा कस्बे में बाढ के खतरे को बढाने का कारण बनने वाली तीनो पुलियाओ का निर्माण नए सिरे से कराए जाने का मामला शासन से स्वीकृति के इंतजार में लटका पडा था। बडौदा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी राजू सुमन ने बताया कि इस मामले को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल ने पिछले दिनों भोपाल पहुंचकर लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधी मंडल में मेरे अलावा क्षेत्रीय सांसद शिव मंगल सिंह तोमर, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया,नगर परिषड उपाध्यक्ष दारा सिंह बंजारा शामिल थे। प्रतिनिधी मंडल ने लोक निर्माण विभाग मंत्री को समस्या बताते हुए बडौदा की तीन पुलियाओ के निर्माण को जल्द मंजूरी दिलवाए जाने का अनुरोध किया। इसके बाद लोक निर्माण विभाग मंत्री द्वारा इन पुलियाओ के निर्माण कार्य को शासन की ओर से मंजूरी दिलवा दी।

#### 12 मीटर चौडी बनेगी चारों पुलिया,बारिश में सुगम होगा यातायात

बताया जा रहा है कि बडौदा में थाने के पास वाली पुलिया, भट्टा महाराज के पास की पुलिया, टेलीफोन एक्सचेंज वाली पुलिया तथा राजपुरा के पास नहर की पुलिया का निर्माण करीब पौने तीन करोड की राशि से किया जाएगा। इस कार्य के लिए शासन की ओर से प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। चारो पुलिया पहले से उची तथा 12 मीटर चैडी बनाई जाएगी। जिससे इस हाइवे पर यातायात सुगम होगा,साथही बडौदा में बारिश के दौरान निर्मित होने वाला बाढ का खतरा भी कम होता दिखाई पडेगा।

#### बड़ौदा में बाढ का खतरा बढा रही तीनों पुलिया

श्योपुर बारां स्टेट हाईवे पर बडौदा कस्बे में मौजूद पुलिस थाने के पास की पुलिया, भट्टा महाराज के पास पर बनी पुलिया तथा टेलीफोन एक्सचेंज के पास बनी पुलिया न केवल सकरी बनी हुई है,बल्कि हाइवे से थोडी नीची भी रह गई है। जो बारिश के दौरान बडौदा कस्बे में बाढ के खतरे को बढाने का काम करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान इन तीनो पुलियाओ से बारिश के पानी की सही तरीके से निकासी नहीं हो पाती,जिसकारण बाढ का खतरा बढ जाता है, ऐसे में प्रशासन को इन पुलियाओ के बगल से सडक को काटना पडता है।

#### इनका कहना..

श्योपुर बारां हाइवे पर चार पुलियाओ का निर्माण कराने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। जिसके बाद हमने टेंडर संबंधी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि टेंडर प्रक्रिया 15 दिन में पूरी हो जाए और जल्द ही पुलियाओ का निर्माण कार्य शुरू हो जाए।

**सुनील पुआरे**
**डीजीएम एमपीआरडीसी**

हाइवे निर्माण के दौरान छोडी गई बडौदा की तीनो पुलिया बारिश में हर बाढ के खतरे को बढाती है। मगर अब तीनो पुलिया नए सिरे से बनने से बाढ का खतरा काफी हद तक कम हो जाएगा।

**राजू सुमन**
**नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी बडौदा**

# दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एक नव विवाहिता को उसके ससुरालियों ने इसलिए मारपीट करके घर से निकाल दिया,क्योंकि वह दहेज में अपने साथ 5 लाख रूपए लेकर नहीं आई थी। इस मामले में श्योपुर की महिला थाना पुलिस ने पति,देवर और सास के खिलाफ दहेज एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है। महिला थाना प्रभारी रीना राजावत ने बताया कि ग्राम नागदा निवासी विवाहिता भारती गुर्जर की शादी कुछ साल पहले राजस्थान के रूंडी निवासी हरिओम गुर्जर के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद तो सब कुछ ठीक ठाक चला, लेकिन इसके बाद ससुरालीजन उसे दहेज में 5 लाख रूपए लाने के लिए प्रताडित करने लग गए और फिर मारपीट करके उसे घर से भी निकाल दिया। पीडिता ने इस मामले की शिकायत महिला थाने में आकर दर्ज कराई तो पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर पति हरिओम गुर्जर, देवर लालवीर तथा सास रामकन्या बाई निवासी रूंडी थाना किशनगंज जिला बारां राजस्थान के खिलाफ दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# तीन आरोपियों को भेजा जेल, एक को फिर लिया पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सोंईकलां के पास नेशनल हाईवे पर ढाई साल की बच्ची को लावारिस छोडने संबंधी मामले में इंदौर से दबोचे गए चार आरोपियों को पुलिस ने पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद बुधवार को श्योपुर न्यायालय में पेश किया। जहां से तीन आरोपियों पार्लर संचालिका नीता जैन, वैभव जैन तथा हेमलता को जेल भेज दिया गया है। वहीं मनीषा को फिर से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

बताया गया है कि दो महिला आरोपियों को शिवपुरी जेल भेजा गया है। वहीं एक आरोपी वैभव जैन को श्योपुर जेल पहुंचा दिया गया है। बताया जा रहा है कि इस मामले में मनीषा के द्वारा पूछताछ के दौरान उसकी बहन का नाम बताया गया है। उसकी बहन तक पहुंचने के लिए पुलिस ने मनीषा को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मनीषा के जरिए पुलिस उसकी बहन को अरेस्ट करने का प्रयास करेगी।यहां बता दें कि इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। जिनमें आकाश और उसकी पत्नी कृतिका शामिल है।

## बगैर अनुमति मुख्यालय नही छोड़ेंगे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा बगैर अनुमति मुख्यालय नही छोडने के संबंध में आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कोई भी अधिकारी बगैर उनकी अनुमति के आकस्मिक अवकाश पर नही जायेगे और न ही मुख्यालय छोडेंगे। मुख्यालय से अनुमति लेकर जाने की स्थिति में प्रभार किस अधिकारी के पास रहेगा, उसका नाम एवं मोबाइल नंबर सहित लिखित में अवगत कराया जायेगा। निर्देशों का उल्लंघन पाये जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### दो बाईक आपस में टकराईं

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत चंदेरी-पिछोर रोड़ पर ग्राम गोधन के समीप दो बाईक आपस में टकरा गईं जिसमें एक बाईक चालक पहाड़ सिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी67जेडई 8616 के चालक लल्लू आदिवासी ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी के चाचा बृजभान कुशवाह की बाईक में टक्कर मार दी जिससे उन्हें चोटे आईं हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अतर्गत लालबावड़ी चंदेरी निवासी रामनारायण सेन पुत्र महीप सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सिंघपुर घाटी के नीचे अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### अज्ञात व्यक्ति के सिर में चोटे आने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत मनकपुर गांव के समीप 33 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है, जिसके सिर में चोटों के निशान हैं। जिससे लगता है कि किसी वाहन की टक्कर से या अथवा किसी व्यक्ति ने उस पर हमला किया है जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### पुलिस ने 3 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** सोमवार को सिटी कोतवाली थाने की पुलिस ने 03 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को वारण्टों की तामीली हेतु निर्देशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली द्वारा न्यायालय के आरटीसी क्रमांक 123/22, 659/22 एवं 493/22 में आरोपी पवन अहिरवार पुत्र मोबत सिंह उम्र 30 साल निवासी मगरदा बस्ती अशोकनगर, राहुल वंशकार पुत्र रघुवीर वंशकार उम्र 25 साल निवासी वार्ड न0 15 पठार अशोकनगर एवं शफीक पुत्र गफ्फार खान उम्र 28 साल निवासी आजाद मोहल्ला अशोकनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी सुनीता बाई परिहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जितेन्द्र आदिवासी और संजय बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दौलतपुर निवासी मोहन सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अखिलेश लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मथाना निवासी शिवानी बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महाराज सिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत झागर बमुरिया निवासी कैलाश सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सौरभ और शिवराज सेन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### सड़क निर्माण की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**अशोकनगर।** खैजरा अटारी से कंचनपुर गांव तक पक्की सड़क निर्माण की मांग को लेकर मंगलवार को आदिवासी समाज के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और जनसुनवाई में आवेदन सौंपकर अपनी समस्या रखी। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से सड़क न होने के कारण उन्हें आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कंचनपुर गांव के लिए सड़क निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन कुछ उन्होंने बताया कि स बारिश के मौसम में हालात और खराब हो जाते हैं।

## 15 लाख से अधिक नुकसान का आंकलन, ट्रैक्टर, पशुधन जिंदा भी जले

# यज्ञ में बैठा था परिवार, घर-गृहस्थी आग में जलकर हो गई खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के बहादुरपुर तहसील अंतर्गत ग्राम जसैया में मंगलवार दोपहर हुई एक आगजनी की घटना में तीन भाईयों की घर-गृहस्थी जलकर पूरी तरह से नष्ट हो गई। यह आग पास में रखे एक बिजली ट्रांसफार्मर से उठी चिंगारी से लगी। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक करीब पंद्रह लाख कीमती सामग्री जलकर खाक हो गई। राजस्व दल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन किया है एवं मुआवजे का आष्वासन भी दिया है।

बताया गया है कि जसैया गांव की बस्ती से कुछ दूरी पर वीर सिंह, अषोक बाबू और भगवत सिंह नामक किसानों के मकान बने हुए हैं। मकानों के नजदीक ही एक बिजली ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। मंगलवार को यह तीनों अपनी पत्नियों के साथ पास में ही स्थित एक यज्ञ में वेदी पर बैठे हुए थे। तभी मौजूद लोगों को धुंआ उठता हुआ दिखाई दिया। आग की आषंका से सभी दौड़कर मकानों पर पहुंचे तो आग चारों ओर से फैली हुई थी। करीब दो दर्जन लोगों ने मोटरपंप चलाकर और बाल्टियों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल भी बुलाई गई लेकिन तब तक आग से एक ट्रैक्टर, एक पड़यि‍ा जिंदा जल गई वहीं एक भैंस और एक पड़यि‍ा बुरी तरह झुलस गई हैं। घर में रखे कपड़े, अनाज, बर्तन आदि भी जलकर नष्ट हो गए। इस आग में 350 से अधिक पाईप, भूसा, कंडे, लकड़ी का नुकसान भी किसान को हुआ है।





### मौके पर पहुंचा प्रशासन, नुकसान देखकर हुए भावुक

आग लगने की सूचना जसैया की सरपंच सुनीता यादव ने प्रषासन को दी। इसके बाद मौके पर तहसीलदार कैलाष मालवीय, थाना प्रभारी बहादुरपुर नीलम सिंह यादव, पशु चिकित्सक पहुंचे। हल्का पटवारी सुरेष बैरागी ने नुकसान का पंचनामा बनाया। आग से नष्ट हुए घर-गृहस्थी को देखकर तहसीलदार भी भावुक हो गए। उन्होंने जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने का आष्वासन पीड़ित परिवारों को दिया। सूचना मिलने पर कांग्रेस नेता यादवेन्द्र सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों को दिलासा दिया।

### बस्ती से दूर खेत में रहता है परिवार

गांव के शिक्षक नेता राजाभान सिंह यादव ने बताया कि यह परिवार बस्ती से थोड़ी दूर नदी के किनारे रहता है। जहां इन किसानों के खेत भी हैं। इस क्षेत्र में नरवाई को पहले ही नष्ट कर दिया गया है। मंगलवार को लगी आग बिजली ट्रांसफार्मर से उठी चिंगारी की बदौलत रही। गनीमत रही कि परिवार के अधिकांष सदस्य यज्ञ में थे, अन्यथा जनहानि भी हो सकती थी।

### सहायता देंगे

चार आवासीय मकान एवं एक गैर आवासीय मकान प्रभावित हुआ है। एक ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण भी जलकर नष्ट हो गए हैं। एक भैंस की बछिया जलकर मर गई, दो घायल हैं। शुरुआती तौर पर करीब दस-पंद्रह लाख का नुकसान समझ आया है। आरबीसी 6-4 के नियमों के तहत जल्द से जल्द आर्थिक सहायता दी जाएगी।

**कैलाष मालवीय,** तहसीलदार, बहादुरपुर।

## ग्राम सडूमरा में रात्रि जल चौपाल का आयोजन किया



**अशोकनगर।** ग्राम सडूमरा में जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यापुर सेक्टर क्रमांक 05 एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सडूमरा एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति शाढौरा के संयुक्त तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रात्रि जल चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान द्वारा जल के संरक्षण एवं महत्व को बताया तथा नशामुक्ति पर ग्रामीणों को जागरूक किया एवं ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव जी द्वारा जल चैपाल के अंतर्गत जल के बचाव एवं वाटर हार्वेस्टिंग द्वारा वर्षा जल संरक्षण पर ग्रामीणों को अवगत कराया रात्रि जल चैपाल में जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान एवं ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव परामर्शदाता गणेशराम अहिरवार एवं जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यापुर सेक्टर क्रमांक 05 शाडोरा से सचिव विवेक रघुवंशी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सडूमरा के अध्यक्ष राजीव रघुवंशी, नगर विकास प्रस्फुटन समिति शाडोरा से उमेश रघुवंशीएवं ग्रामवासी उपस्थित हुए एवं सभी ने सडूमरा नदी पर श्रमदान किया एवं ग्राम के चैराहा पर पक्षियों के लिए सकोरे लगाए।

### पिपरई में जनगणना को लेकर स्व-गणना जागरण रैली निकाली गई

**पिपरई।** मंगलवार को जनगणना को लेकर पिपरई में स्व-गणना जागरण रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से नागरिकों को जनगणना के महत्व, सही जानकारी देने तथा स्वयं गणना प्रक्रिया में भागीदारी के प्रति जागरूक किया गया। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं, समाजजनों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह स्व गणना जागरण रैली पिपरई नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई, जहां लोगों को जनगणना से जुड़े संदेश दिए। नगर परिषद पिपरई के सीएमओं ने कहा कि जनगणना देश के विकास, योजनाओं के निर्माण और संसाधनों के सही वितरण का आधार होती है।

स्वास्थ्य शिविर में 200 लोगों का हुआ परीक्षण

## रेड क्रॉस सोसाइटी व सेवा भारती द्वारा आयोजित शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



रेड क्रॉस सोसाइटी, सेवा भारती द्वारा स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला बायपास रोड अशोक नगर पर मंगलवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा किया गया।

इस दौरान प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर अनुराधा यादव रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉक्टर जयमंडल सिंह यादव, सचिव संजय रघुवंशी प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर दीपक मिश्रा डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी डॉक्टर राजकुमार शर्मा सतीश पाराशर देवेंद्र अग्रवाल मनीष जैन, हरी सिंह रघुवंशी रंजीत यादव विजय जैन विपिन सिंघई अंकित छाबड़ा विकास रघुवंशी रंजीत यादव अभिजीत जैन डॉक्टर आनंद मोहन दुबे राजकुमार रघुवंशी रिजोदिया संतोष शर्मा सहित डॉक्टर्स एवं उपचार के लिए आए मरीज मौजूद थे। शिविर में एल. एन. मेडीकल कॉलेज एवं जे. के. हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, 170 मरीजों को दवाएं दी गईं, साथ ही इको कार्डियो ग्राफी 60, ईसीजी 50 मरीजों की की गई। इसके अलावा 10 कैंसर,15 हड्डी, 25 लोगों की अन्य बीमारियों की दवाएं दी गईं। शिविर में ईसीजी ईथों एवं रक्त की पैथोलॉजी जांच निःशुल्क की गई। शिविर में कैंसर रोग,हृदय रोग, मेडिसिन रोग, सर्जरी रोग, हड्डी रोग स्त्री एवं प्रसूति रोग की जांच एवं उपचार किया गया। शिविर में उपलब्ध डॉ. विवेक त्रिपाठी (कार्डियक), डॉ. प्रिया कुशवाह (सर्जरी) डॉ सेहवाल सक्सैना (अर्थो), डॉ. नीरज (कैंसर) डॉ. अनन्या राय सिंह (सर्जरी) डॉ. पलाश सिंह (आर्थो) डॉ. अर्तिका (गायनिक) द्वारा परीक्षण एवं उपचार किया गया।

### विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को स्वजनगणना हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्हें निर्देशित किया गया कि वह अपने माता-पिता के माध्यम से अपना सेल्फ एन्यूमरेशन पत्रक ऑनलाइन प्रक्रिया से भरना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश द्वारा विद्यार्थियों को फ्लो चार्ट के माध्यम से स्वजनगणना पत्रक ऑनलाईन भरने की ट्रेनिंग दी गई और आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। उन्हें इस राष्ट्रीय प्रक्रिया के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा अन्य महाविद्यालयों को भी इस कार्य हेतु निर्देशित किया गया। लगभग 80 प्रतिशत महाविद्यालयीन स्टाफ द्वारा स्वजनगणना पत्रक ऑनलाईन भर कर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में भागीदारी सुनिश्चित कर ली गयी है। 28 अप्रैरल फोटो न.09 महाविद्यालय में विद्यार्थियों को स्वजनगणना हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया ।

## विधिक जागरुकता शिविर आयोजित कर बंदियों को अधिकारों से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




प्रधान जिला न्यायाधीश,अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में एवं सचिव मनीष अनुरागी, न्यायाधीश प्रिया चैहान, न्यायाधीश समीक्षा जैन एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में मंगलवार को जिला जेल अशोकनगर का निरीक्षण, बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

निरीक्षण के दौरान निरूद्ध बंदियों से उनके अधिवक्ताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर बताया गया कि यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। साथ ही बंदियों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई व बताया गया कि प्रत्येक बंदी को अपने अधिकार और कानूनी सलाह, विधिक सहायता के माध्यम से प्राप्त करने का अधिकार है। बंदियों को प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही बंदियों से उनके स्वास्थ्य, खान-पान एवं प्रकरणों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली गई। बंदियों से अपील की गई कि जेल सुधार गृह है। यहां रहने के दौरान आत्ममंथन और चिंतन करने की जरूरत है। मन में हताशा एवं निराशा के भाव नहीं रखना चाहिए। जिससे यहां से निकलने के बाद वे समाज में अच्छे नागरिक होने का दायित्व निभा सकें। इसी क्रम में जिला जेल की पाठशाला, लाइब्रेरी, वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष एवं जेल परिसर आदि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उक्त शिविर में जेल अधीक्षक ललित दीक्षित एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

### चिरौली प्रीमियर लीग का समापन चिरौली की टीम चैंपियन बनी

**शाढ़ौरा।** मंगलवार को शाढ़ौरा में प्रीमियर लीग का समापन हो गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक जजपाल सिंह मौजूद रहे। साथ में यतेन्द्र सिंह रघुवंशी सरपंच चिरौली चक और ग्रामीण अध्यक्ष सनत कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।



पहला सेमीफाइनल चिरौली और मुडरा के बीच हुआ चिरौली विजयी रही। दूसरा सेमीफाइनल अजलेश्वर और बमनावर के बीच खेला गया जिसमें अजलेश्वर टीम विजयी रही। फाइनल मैच चिरौली और अजलेश्वर के बीच हुआ जिसमें चिरौली ने विजेता का खिताब जीता। कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार 31000 चिरौली टीम उप विजेता अजलेश्वर टीम को 15000 द्वितीय पुरस्कार टीम को एवं तृतीय पुरस्कार 11000 बमनावर टीम को प्रदान किया गया। बेस्ट बल्लेबाज अंकित रघुवंशी को पुरस्कार मिला और मैन ऑफ द सीरीज राजकुमार कुशवाहा सुबह से ही मैदान पर रोमांच बना रहा। फाइनल में चिरौली चक ने शानदार खेल दिखाते हुए ट्रॉफी अपने नाम की।

## जुजीत्सु खेल प्रतियोगिता में मुंगावली की टीम प्रथम और अशोकनगर की दूसरे स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला स्तरीय सब जूनियर, जूनियर जुजीत्सु खेल प्रतियोगिता का आयोजन रोटरी क्लब अशोकनगर में किया गया, जिसमें अशोकनगर जिले की मुंगावली के जुजीत्सु खिलाडीयों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्ण पदकों पर कब्ज़ा कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अशोकनगर टीम ने 10 स्वर्ण पदक जीतकर प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

मुंगावली टीम ने शानदार प्रदर्शन सीनियर खिलाडी सोनम केवट के मार्गदर्शन में निकुंज तिवारी, नैंसी यादव, अवरीत कौर, अनुरीत कौर, अगमप्रीत कौर, नमनदीप सिंह, हरिओम यादव, देवांश सेन, आयुष्मान राजावत,ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं अशोकनगर टीम ने निखिल धुरेटे और आरती विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में शिवन्या चैरसिया, दिशार्थ धुरेटे, शिवार्थ धुरेटे, गोरांश चैरसिया, देवस्य गुप्ता, खुश अग्रवाल, तीर्थ जैन, गौरी त्रिवेदी, परी भट्ट, भावेश सेन, समर्थ शर्मा, अग्रज शर्मा, कुशाग्र, रूबी, हर्षिता, धुरव, उदयवीर, नैतिक, समग्या, कुशाग्र, प्रेरणा,सिद्धार्थ, हर्ष,आदि ने प्रतियोगिता में पदक जीते हैं।

### शाढ़ौरा तहसील पटवारी संघ ने कलमंबद हड़ताल कर तहसीलदार को बस्ता सौंपे



**शाढ़ौरा।** पिपरई तहसील के पटवारी साथ दुर्घटना में हुई मौत पर कार्यवाही की मांग के सर्मथन में कलमबंद हड़ताल पर जाते हुए तहसीलदार को बस्ता सौंपे। मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला अशोकनगर के आव्हान पर सोमवार दोपहर 2 बजे शाढ़ौरा तहसील पटवारी संघ के अध्यक्ष रामरतन अहिरवार की अगुवाई में सभी पटवारियों ने कलम बंद अनिश्चित कालीन हड़ताल की धोषणा करते हुए अपने अपने बस्ते तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव को सौंप दिए। पटवारियों की अनिश्चित कालीन कलम बंद हड़ताल से किसानों की मुसीबतें बढ़ेगी उल्लेखनीय है कि 19 अप्रैल रविवार को अवकाश के दिन पिपरई तहसीलदार ने पिपरई में धमकी देते हुए मीटिंग आयोजित की थी मीटिंग से वापिस लौटते वक्त एक पटवारी की मौत एंव दो पटवारी धायल हुए थे। जिला पटवारी संघ ने पिपरई तहसीलदार पर कार्यवाही की मांग की है। इसके सर्मथन में जिले भर के पटवारी कलम बंद अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं शाढ़ौरा तहसील पटवारी संघ के अध्यक्ष रामरतन अहिरवार ने बताया है कि सभी 38 हल्कों के 38 पटवारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं सभी लोगों ने सामूहिक रूप से बस्ता जमा किये है।

## जनसुनवाई में 226 आवेदकों की कलेक्टर ने सुनी समस्याएं और निराकरण के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा साप्ताहिक जनसुनवाई में मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कलेक्टर ने एक-एक कर आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

प्रमुख रूप से पंचायत, राजस्व, विद्युत, पेयजल, सड़क, पेंशन से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जिससे आवेदकों ने संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जनसुनवाई में वृद्धजनों को मौके पर प्रदान की स्टिक

जनसुनवाई में कलेक्टर को तीन वृद्धजनों द्वारा आवेदन देते हुए अपनी समस्याओं के निराकरण की गुहार लगाई। कलेक्टर द्वारा बुजूर्गो को चलने फिरने एवं सहारे के लिए सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से मौके पर ही स्टिक(छडी) उपलब्ध कराई गई। इस दौरान जनसुनवाई में फूल चंद अहिरवार निवासी स्टेशन मार्ग मुंगावली उम्र 101वर्ष,मोकम सिंह यादव ग्राम मूडरा बहादरा तथा लक्ष्मी नारायण सेन निवासी मुंगावली को स्टिक प्रदाय की गई। छड़ी पाकर बुजुर्ग द्वारा कलेक्टर को आशीर्वाद प्रदान कर खुशी खुशी अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए।

जनसुनवाई में वार्ड नंबर 1 अशोकनगर निवासी मनोज कुशवाहा द्वारा बीपीएल कार्ड बनवाए जाने, ग्राम रुहाना निवासी संग्रामपाल द्वारा विद्युत कनेक्शन करवाए जाने, ग्राम कनावदा निवासी गौरैया आदिवासी द्वारा राशन कार्ड बनवाए जाने, ग्राम मारूखेड़ी निवासी रमेश कुमार द्वारा सीमांकन करवाए जाने, ग्राम बायांगा निवासी शंभू यादव द्वारा सीमांकन करवाए जाने, ग्राम बिजोरी निवासी गोरा आदिवासी द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने, पिपरई निवासी राज राठौड़ द्वारा संबल कार्ड की आर्थिक सहायता दिलाए जाने, ग्राम मथनेर चक्क निवासी जानकी द्वारा बीपीएल कार्ड बनवाए जाने, ग्राम भोसले गांव निवासी राम श्री आदिवासी द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने, वार्ड नंबर 12 अशोक नगर निवासी राजकुमारी द्वारा आधार कार्ड में जन्म दिनांक सुधार कराये जाने संबंधी सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

## जागरुकता कार्यक्रम के तहत महिला संबंधी अपराधों के प्रति दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



मंगलवार को शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर के कॉल सेंटर परिसर में महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं विधिक जागरूकता विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेंद्र सिंह कंवर ने उपस्थित महिलाओं एवं स्टाफ को महिला संबंधी विभिन्न कानूनी प्रावधानों, अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों जैसे घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, छेड़छाड़, साइबर उत्पीड़न, बाल विवाह, लैंगिक शोषण एवं अन्य अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस विभाग द्वारा संचालित एकीकृत अभियान (अभिमन्यु, सृजन एवं सम्मान) की जानकारी देते हुए बताया कि इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग में जागरूकता उत्पन्न करना, महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है। अभियान के अंतर्गत संचालित ऑपरेशन एहसास के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को संवेदनशीलता के साथ सहायता प्रदान करने, ऑपरेशन स्वयंसिद्धा के माध्यम से उन्हें आत्मविश्वासी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा असली हीरो अभियान के अंतर्गत समाज में महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान पॉक्सो एक्ट के तहत बालकों एवं बालिकाओं के विरुद्ध यौन अपराधों से संबंधित कठोर प्रावधानों, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के अंतर्गत बाल संरक्षण से जुड़े कानूनों, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के माध्यम से दहेज प्रथा के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह को अपराध मानने वाले प्रावधानों तथा सायबर अपराधों जैसे सोशल मीडिया धोखाधड़ी, ऑनलाइन उत्पीड़न, फर्जी प्रोफाइल, साइबर ब्लैकमेलिंग एवं डिजिटल सुरक्षा से संबंधित आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही महिला हेल्पलाइन, पुलिस सहायता, आपातकालीन सेवाओं एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी देकर उन्हें किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।